No. of pages -5

Class -VII
ANNUAL EXAMINATION (2023-24)
Subject - Hindi
Set - A1

Time allowed -2.5 hrs. **Max. Marks - 60**

निर्देश - 1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में प्रश्न संख्या 1 से लेकर 10 तक है ।
2. उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

प्रश्न.1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । 5

i) महँगाई की मार ii) अनुशासन
iii) आत्मनिर्भरता iv) शिक्षा का महत्त्व

प्रश्न.2. प्रातःकालीन सैर का महत्त्व बताते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए । 5

अथवा

पुस्तकालय में हिन्दी के प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकें मँगवाने हेतु प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए ।

प्रश्न.3. चित्र वर्णन 40 से 50 शब्दों में कीजिए - 3

प्रश्न.4. पदभेदानुसार कीजिए 4

क) मेरी बहन **के पास** मेरी किताब है ।

i)वर्तमान काल ii)सकर्मक क्रिया
iii)संबंधबोधक iv) विस्मयादिबोधक

ख) उसने बहुत मेहनत की **<u>परंतु</u>** सफलता नहीं मिली ।
i)समुच्चयबोधक ii)भूतकाल
iii)वर्तमान काल iv) परिमाणवाचक विशेषण

ग) आज हम **<u>जल्दी-जल्दी</u>** घर जाएँगे ।
i)कालवाचक क्रियाविशेषण ii)अकर्मक क्रिया
iii)रीतिवाचक क्रियाविशेषण iv) परिमाणवाचक विशेषण

घ)**<u>अरे!</u>** तुम यहाँ क्या कर रहे हो ?
i)संबंधबोधक ii)क्रियाविशेषण
iii)विस्मयादिबोधक iv)समुच्चयबोधक

प्रश्न.5. निर्देशानुसार कीजिए - **6**
क) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए -(कोई एक) 2
i) दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करना
ii) न घर का न घाट का

ख) पर्यायवाची शब्द लिखिए - (कोई एक) 2
i) नदी ii) पुष्प

ग) दिए गए कारक के विभक्ति चिह्न लिखिए - (कोई दो) 2
i) अधिकरण कारक ii) संबंध कारक iii) अपादान कारक

प्रश्न.6. सही विकल्प चुनकर लिखिए - **10**

क) **'पाठक '** का स्त्रीलिंग शब्द है - 1
i) पाठिका ii) बालिका
iii) पाठनी iv) सुधारिका

ख) **'कर्मचारी '** का बहुवचन है - 1
i)कर्मचारियों ii) कर्मचारीवर्ग
iii) कर्मचारि iv) कर्मचारीवृन्द

ग) **'दुर्लभ'** का विलोम शब्द है - 1
i) आसान ii) अचल
iii) सुलभ iv) अनंत

घ) **'हरा '** के लिए भाववाचक संज्ञा है - 1
i) प्रभावित ii) श्वेत
ii) हरित iv)हरियाली

ड़) **'जो कड़वे(कटु)वचन बोलता हो '** के लिए एक शब्द है - 1
i) मृदुभाषी ii) कटुभाषी
iii) मितव्ययी iv) कटुक

च) **'पतंग'**शब्द के अनेकार्थी शब्द हैं - 1

i) सूर्य , पक्षी , गुड्डी ii) सूर्य , पक्षी , लकड़ी

iii) पक्षी , गुड्डी , खेल iv) खेल , पक्षी, समान

छ) **'86'** के लिए सही शब्द है - 1

i) छियासी ii)अट्ठासी

iii) नब्बे iv) अस्सी

ज) **'कपट,कपाट'** के लिए सही अर्थ हैं - 1

i) भाग्य ,सारथी ii)दरवाज़ा , प्राचीन

iii) धोखा , प्राचीन iv) धोखा , दरवाज़ा

झ) **'छोटा मुँह और बड़ी बात '** लोकोक्ति का अर्थ है - 1

i) अपनी बड़ाई करना ii)अपनी योग्यता से अधिक बात करना

iii) बहुत सारी बातें करना iv) छोटे बच्चों का बड़ों से बात करना

ञ) सही वाक्य चुनिए - 1

i) इन दिनों में तुम क्या कर रही हो ?

ii) इन दिनों तुम क्या कर रही हो ?

iii) इन दिनों के पास तुम क्या कर रही हो ?

iv) इन दिनों के भीतर तुम क्या कर रही हो ?

प्रश्न.7. निम्नलिखित में से **<u>किन्हीं चार</u>** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 3 x 4=12

क)सिंधु और ब्रह्मपुत्र की क्या विशेषताएँ बताई गई हैं ? हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन-किन की प्रशंसा की है ?

ख)किसकी बात सुनकर मिठाईवाला भावुक हो गया ? उसने इन व्यवसायों को अपनाने का क्या कारण बताया ?

ग)यासुकी चान तथा तोत्तो चान के अपूर्व अनुभव क्या थे ? दोनों के अनुभवों में क्या अंतर था ?

घ)'इस आनंदोत्सव की रागिनी में बेमेल स्वर कैसे बज उठा' वाक्य किस घटना की ओर संकेत कर रहा है ?

ड़) खानपान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है ? मिश्रित संस्कृति के कोई तीन लाभ बताइए ।

च) सांप्रदायिक सद्भाव् में कुँवर सिंह की गहरी आस्था थी - इस पंक्ति का आशय अपने शब्दों में लिखिए ।

प्रश्न.8. निम्नलिखित में से **<u>किन्हीं तीन</u>** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 2x3=6

क) धरती का उदाहरण देकर रहीम मनुष्यों को क्या समझाना चाहते हैं ?

ख)हर तरह की सुख सुविधाएँ पाकर भी पंछी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते ?

ग)कठपुतली को अपने पाँवों पर खड़े होनी की इच्छा है , लेकिन वह क्यों नहीं खड़ी होती ?

घ) कविता 'शाम- एक किसान' में मोर की आवाज़ सुनकर क्या हुआ ?

प्रश्न.9. निम्नलिखित काव्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 4

मैं झिझक उठा , हुआ बेचैन – सा ,
लाल होकर आँख भी दुखने लगी।
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे ,
ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।

क) कविता के कवि का नाम है -
i)सुमित्रा नंदन पंत ii)अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
iii)केदारनाथ अग्रवाल iv)भवानीप्रसाद मिश्र

ख)तिनका पड़ने पर आँख कैसी हो गई ?
i)गंदी ii)लाल
iii)बड़ी iv)बंद

ग) लोग क्या करने लगे ?
i)सुझाव देने लगे ii)कपड़े की मूठ देने लगे
iii)तारीफ़ करने लगे iv)रोने लगे

घ) कौन बड़े पाँव भागा?
i)ऐंठ ii)नींद
iii)अकड़ iv)खुशी

अथवा

बरसे बदरिया सावन की।
सावन की , मन – भावन की ।।
सावन में उमग्यो मेरो मनवा , भनक सुनी हरि आवन की।
उमड़ – घुमड़ चहुँदिस से आया , दामिन दमकै झर लावन की ।।
नन्हीं – नन्हीं बूँदन मेहा बरसे , शीतल पवन सुहावन की।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर ! आनंद – मंगल गावन की ।।

क) पंक्तियों में किस ऋतु का वर्णन किया गया है ?
i)कार्तिक ii)फाल्गुन
iii)भादौ iv)सावन

ख) मीरा ने किसके आने की भनक सुनी है
i)राम ii)कृष्ण
iii)मित्र iv)पिता

ग) मीरा को यह ऋतु कैसी लग रही है ?
i)दुखदायी ii)मनभावन
iii) कष्टकारी iv) इनमें से कोई नहीं

घ) 'दामिन' का शब्द का अर्थ है -
i)बादल ii)बिजली
iii)बारिश iv) रंगीन

प्रश्न.10. दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1+2 +2 =5

बात यह थी कि दुर्योधन ,दुःशासन आदि द्वारा किए गए अत्याचारों और अपमानों का दुखद स्मरण भीमसेन के मन में अमिट रूप से अंकित हो चुका था । इस कारण न तो वो अपना पुराना बैर भूल पाता था और न ही क्रोध को चबा पाता था । कभी - कभी वह गांधारी तक के आगे उलटी - सीधी बातें कर दिया करता था । भीमसेन की इन तीखी बातों से धृतराष्ट्र के हृदय को बहुत चोट पहुँचती थी । गांधारी को भी इस कारण बहुत दुख होता था । परंतु वह विवेकशीला थीं और धर्म का मर्म जानती थीं । इसलिए भीमसेन की बातें चुपचाप सह लिया करती थीं तथा कुंती से स्फूर्ति पाकर धीरज धर लिया करती थीं ।

क) भीमसेन के मन में क्या अमिट रूप से अंकित हो चुका था?

ख) इसका भीमसेन पर क्या प्रभाव पड़ा ?

ग) गांधारी के दुख का क्या कारण था तथा वे किस प्रकार धीरज रखती थीं ?